# OM SHANTI SHIKSHA SADAN SR. SEC. SCHOOL

## NATHUPUR, SONIPAT (HR)

## CLASS: I

## Summer Vacations Assignment

## Academic Session: 2025-26



## प्यारा प्यारा मेरा देश

प्यारा प्यारा मेरा देश,
सबसे न्यारा मेरा देश
दुनिया जिस पर गर्व करें,
ऐसा सितारा मेरा देश ।
चांदी सोना मेरा देश,
सफल सलोना मेरा देश,
गंगा जमुना की माला का,
फूलों वाला मेरा देश
आगे जाए मेरा देश,
नित नए मुस्काए मेरा देश,
इतिहासों में बढ़-चढ़ कर,
नाम लिखायें मेरा देश

**Kindly Note: Holidays shall begin from 1st June (Sunday) School shall reopen after summer vacations on 1st July, 2025(Tuesday).**

**Finally the summer vacation is here. I hope you will have a great time with your family**

**आखिरकार गर्मी की छुट्टी आ गई है। मुझे उम्मीद है कि आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।**

## स्वर्णिम शिष्टाचार :-

- बातचीत के दौरान हमेशा सुनहरे शब्दों का प्रयोग करें: अर्थात क्षमा करें, कृपा और धन्यवाद ।
- विकलांग और जरूरतमंद लोगों की मदद करें और उनके प्रति दयालु रहे ।
- अपने माता-पिता शिक्षकों और बड़ों की आज्ञा मानी और उनका सम्मान करें ।
- माता-पिता, और आंगतूको के साथ शुद्ध हिंदी और अंग्रेजी में विनम्रता से संवाद करें ।
- जाने अनजाने में किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं ।
- हमेशा सामाजिक, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति का पालन करें ।
- अपने दादा-दादी के साथ कुछ पल बिताए और उनकी देखभाल करें ।

## स्वास्थ्य एवं स्वच्छता:-

- व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए (नहाना ब्रश करना स्वच्छ कपड़े पहनना आदि)।
- अपने आसपास साफ-सफाई रखें।
- फल, सब्जियों के छिलके और कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालें ।
- भोजन से पहले और बाद में अपने हाथ धोएं।
- बासी-तौलिया और फास्ट फूडसे परहेज करें।
- गर्मियों में अधिक से अधिक पानी पिए और सर्दियों में गुनगुना पानी का सेवन करें ।
- खाने-खाना पकाने से पहले फलों और सब्जियों को पानी से साफ कर लेना ।
- समाज को जागरूक करें कि कैसे आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।
- रोजाना योग और ध्यान करें और सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ाएं ।

## सामाजिक/ पर्यावरण संरक्षण:-

- पानी को प्रदूषित और बर्बाद न करें, यह अनमोल है ।
- अधिक से अधिक पौधे लगाए, पर्यावरण की रक्षा करें और पौधों की देखभाल करें ।
- गर्मी के मौसम में पक्षियों और जानवरों के लिए पानी और दान उपलब्ध कराए ।
- महिलाओं का सम्मान करें और बेटियों को शिक्षित करें ।
- लोगों को अंधविश्वास, कुपोषण, अशिक्षा और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करें ।
- परिवार और समाज के लिए अनुकरणीय नेक कार्य करें ।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण/ अपशिष्ट प्रबंधन/ निर्माण:-

- बेकार कागज, कांच और प्लास्टिक बोतल आदि से उपयोगी वस्तुएं बनाएं
- नवाचार दिखाने और कला शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कार्यशील मॉडल और प्रोजेक्ट बनाएं
- भारत के विभिन्न राज्यों के सामाजिक मुद्दों । जीवन शैली पर संपादकीय लिखे
- नैतिक कहानियां अद्भुत तथ्य और महान हस्तियों की आत्मकथाएं पढ़े
- रोजाना अखबर पढ़े और समाचार सुनें ।
- करंट अफेयर्स पर कम से कम 100 प्रश्न तैयार करें
- अपने हॉबी क्लब से संबंधित कोई रचनात्मक कार्य भी करें ।
  (जैसे : - गायन कला नृत्य कला पाक कला नवाचार आदि )

**प्राचार्य**